हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 एनएच पर नहीं थम रही दुर्घटनाएं



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सवेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां तेज, पहुंचे प्रमुख सचिव बोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, ली अधिकारियों की बैठक

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सरगुजा आगमन को लेकर शासन और जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में राष्ट्रपति के संभावित दौरे को लेकर गुरुवार को अजा, अजजा विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा सरगुजा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड के साथ ही कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रमुख सचिव श्री बोरा ने गांधी स्टेडियम पहुंचकर राष्ट्रपति के आगमन हेतु तैयार किए जा रहे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, आगमन एवं निर्गमन मार्ग, हेलीपैड की मजबूती तथा आसपास की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पीजी कॉलेज मैदान पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम स्थल की तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने पीजी कॉलेज मैदान में बनने वाले डोम पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीआईपी गेट, यातायात बेरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, स्टॉल्स की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप और सौंदर्यपूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए।



स्थल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव बोरा व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

## जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली लगाएं प्रदर्शनी

निरीक्षण के बाद प्रमुख सचिव श्री बोरा ने संभागायुक्त कार्यालय में संभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन व कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कि कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने हेतु विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसके लिए थीम आधार पर तैयारी शुरू कर ली जाए। कार्यक्रम में जनजातियों हेतु कुछ योजनाओं का शुभारंभ भी किया जाना है। जनजाति प्रमुख एवं उप जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा इस हेतु जिन्हें सम्मानित किया जाना है उनका चयन कर लें। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित होने वाले संगोष्ठी, जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव, शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय समापन आदि पर चर्चा की गई।

श्री बोरा ने पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित, समयबद्ध रहे। इस दौरान संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, कलेक्टर, एसएसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला आज

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि द्वारा जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन 7 नवम्बर को 10.30 बजे किया जाएगा। सांसद चिंतामणि महाराज , कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं राजेश अग्रवाल के आतिथ्य एवं कुलपति प्रो.पीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ वैभव सुरंगे बीज वक्ता होंगे। कार्यक्रम में अतिथियों के उद्बोधन उपरांत विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान होगा।

### जिला स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 8 से

**अम्बिकापुर।** जिला कबड्डी संघ द्वारा 8 नवम्बर से दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउण्ड में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिलेभर की टीमें भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सरगुजा में कबड्डी संघ द्वारा पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभागियों को अपना कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा।

### कागज के कप चिकनाई युक्त जहर, करें उपयोग से परहेज

**अंबिकापुर।** चाय-कॉफी के लिए उपयोग होने वाले कागज के कप के कारण लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। ऐसे में लोगों से इन कागज के कप से परहेज करने का आह्वान किया जा रहा है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि हाल के अध्ययनों से पता चला है कि जिस कागज के कप में आप गर्म चाय या कॉफी पीते हैं, वह आपके स्वास्थ्य के लिए एक चिकनाई युक्त जहर है। इन कपों की प्लास्टिक परत गर्म होने पर पिघलकर हानिकारक रसायन छोड़ती है जो भविष्य में कैंसर और हार्मोन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसे में उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे बाहर जाने पर कांच, चीनी मिट्टी, स्टील के कप का उपयोग करे। इसके साथ ही प्लास्टिक लाइन वाले कप के बदले पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें। डॉ. शुक्ला ने बताया कि लोग अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इस छोटी से आदत में बदलाव करें। यह बदलाव आपके लिए फायदेमंद है और हमारे पर्यावरण के लिए भी।



### ग्राम कुरडीह में ग्रामीण के घर से 400 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुसमी तहसील अंतर्गत एक ग्रामीण के घर में अवैध रूप से भण्डारित 400 बोरी धान जब्त करने में सफलता हासिल की है। एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम कुरडीह निवासी रहमत अंसारी के घर की जांच की तो कमरे में 400 बोरी अवैध धान मिला। संयुक्त टीम ने घर के कमरे में भण्डारित अवैध धान को जब्त कर मंडी अधिनियम की कार्रवाई की है।

## मौजूदा परिसर में ही नवीन भवन के निर्माण हेतु नागरिकों से मांगा समर्थन

# जिला एवं सत्र न्यायालय के विस्थापन के विरोध में निकाली रैली, आज बंद रहेगा काम-काज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- आधे दिन नहीं हुआ काम

जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का निर्माण मौजूदा परिसर में ही कराने को लेकर अधिवक्ता संघ का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। न्यायालय भवन के विस्थापन पर रोक लगाने और वर्तमान स्थल पर ही निर्माण की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने शहर में रैली निकालने के साथ ही आम सभा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने आम नागरिकों से अपनी मांगों को लेकर समर्थन मांगा। संघ के इस रैली और आम सभा के कारण गुरुवार को आधे दिन काम काम ठप रहा जबकि शुक्रवार को एक बार फिर से काम बंद कलम बंद हड़ताल का आह्वान किया गया है। इसके साथ ही संघ व संघर्ष समिति के पदाधिकारी मुख्य मंत्री से मुलाकात करेंगे और इसके बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो सोमवार से अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन निर्माण हेतु जिला कलेक्टर द्वारा चठिरमा में जमीन का आबंटन किया गया है। शहर से दूर ग्राम पंचायत में जिला न्यायालय के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ता विरोध पर उतर आए है। अधिवक्ता संघ ने इसके पूर्व भी एक दिन का हड़ताल करने के साथ ही गुलाब कॉलोनी को खाली कराने के लिए गुलाब का फूल देने का अभियान चलाया था लेकिन इसके बाद भी भवन निर्माण में बाधा बनी गुलाब कॉलोनी खाली नहीं कराई गई। ऐसे में गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ व संघर्ष समिति ने शहरवासियों का समर्थन हासिल करने के लिए रैली निकाली। रैली जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से शुरू हुई जो घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक, ब्रम्ह मंदिर से ब्रम्ह रोड से पुनः देवीगंज रोड होते हुए कोर्ट के समीप समाप्त हुई।

इस दौरान अधिक्वाताओं ने नागरिकों ने जिला एवं सत्र न्यायालय के विस्थापन पर रोक लगाने के साथ ही नवीन भवन का निर्माण मौजूदा परिसर में ही कराने को लेकर समर्थन मांगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। रैली के बाद कोर्ट के समक्ष आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता संघ, संघर्ष समिति के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता संघ के सदस्य।

### आज पूर्ण रूप से काम बंद रहेगा



गुरुवार को अधिवक्ता संघ के आंदोलन के कारण सुबह से लेकर दोपहर तक आधे दिन न्यायालय में काम काज ठप रहा। इसके साथ ही अधिवक्ता संघ ने 7 नवम्बर को एक दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल का आह्वान किया है। इस हड़ताल के कारण शुक्रवार को सभी न्यायालयीन काम काज ठप रहेंगे और कोई भी अधिवक्ता न्यायालयीन प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि इसे लेकर अधिवक्ताओं ने अपने पक्षकारों को भी अवगत करा दिया है। वहीं 8 नवम्बर को संघ व संघर्ष समिति के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए रायपुर जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी यदि मांग पूर्ण नहीं होती है तो 10 नवंबर से अधिवक्ता संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इसके साथ ही अधिवक्ता संघ को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों का समर्थन मिल रहा है।

### नागरिकों की बढ़ेगी परेशानी

जिलाध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि भवन निर्माण के लिए ढाई एकड़ भूमि उपलब्ध है और इसी भूमि पर भवन निर्माण हेतु नक्शा पास हुआ था। वर्ष 2021 में बजट भी आया। अप्रैल महीने तक सब ठीक था लेकिन अचानक ही बिना संघ को जानकारी दिए कलेक्टर ने कार्रवाई की और न्यायालय को चठिरमा स्थानांतरित करने का निर्णय ले लिया। राजस्व न्यायालय, परिवार न्यायालय के साथ ही उपभोक्ता फोरम सभी शहर के बीच है ऐसे में जिला एवं सत्र न्यायालय के ग्राम सूरजपुर बॉर्डर के ग्राम पंचायत चठिरमा में जाने से सभी को परेशानी होगी। शहर के बीच में कोर्ट होने से ग्रामीण बस से उतरकर पैदल ही पहुंच जाते है जबकि चठिरमा जाने से उन्हें दिक्कत होगी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अधिवक्ताओं को भी कमिश्नर, कलेक्टर कोर्ट के लिए शहर में आने में दिक्कत होगी।

### अब तक खाली नहीं हुई गुलाब कॉलोनी

नवीन न्यायालय भवन के वर्तमान स्थल पर निर्माण के लिए कोर्ट की जमीन पर मौजूद गुलाब कॉलोनी सबसे बड़ी चुनौती है। गुलाब कॉलोनी में शासकीय आवास बने है जिसमें शासकीय कर्मचारी अधिकारी निवास कर रहे है। संघ का कहना है कि कॉलोनी को खाली कराने के लिए पूर्व में एसडीएम द्वारा नोटिस जारी किया गया लेकिन इसके बाद भी अब तक कॉलोनी खाली नहीं हुई। अधिवक्ताओं से कहा जा रहा है कि वे कॉलोनी खाली कराए, अधिकारी मनमाने तौर पर काम कर रहे है। अधिवक्ता संघ इस मनमानी को बर्दाश्त नहीं करेगा।



# गुदरी चौक पर दुकान में सेंधमारी कर 25 मिनट में 25 लाख के मोबाइल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सस्ते मोबाइल फेंक दिया बाहर, आईफोन समेत महंगे फोन लेकर भागे चोर, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। इस बार चोरों ने शहर के बीच गुदरी चौक पर स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सेंधमारी कर दुकान में घुसे चोर आईफोन, सैमसंग और वीवो जैसी महंगी कंपनी के मोबाइल फोन चोरी कर ले गए है जबकि 30 हजार से नीचे के मोबाइल फोन को चोरों ने दुकान के बाहर ही फेंक दिया दिया है। चोर दुकान व आस पास लगे सीसीटीवी में कैद हुए है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। चोर 25 मिनट के अंदर में लगभग 25 लाख रुपए से अधिक के मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि बौरीपारा निवासी विक्रांत जायसवाल व विवेक जायसवाल द्वारा गोलू मोबाइल के नाम से गुदरी चौक पर ही दुकान का संचालन किया जाता है। व्यवसायी भाई 5 नवंबर की रात



**चल रही है जांच**

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। घटना की जांच चल रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

### रात्रि गश्त सवालों के घेरे में

संभावना जताई जा रही है कि चोरों ने रेकी कर घटना को अंजाम दिया है। इसके साथ ही चोर बाहर से चोरी करने के लिए शहर में आए थे। जिस स्थान पर यह चोरी हुई है उससे महज आधा किमी की दूरी पर कोतवाली पुलिस है जबकि गुदरी चौक स्वयं में व्यस्त मार्ग है। ऐसे में इस तरह से दुकान में हुई चोरी से पुलिस विभाग की कार्यशैली और रात्रि गश्त भी सवालों के घेरे में आ गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस का स्नीफर डॉग भी कोई खास सुराग नहीं लगा पाया। समाचार लिखे जाने तक मामले में अपराध दर्ज नहीं किया गया था।

### चूहा समझकर बंद किया अलार्म सिस्टम

बताया जा रहा है कि विक्रांत जायसवाल व विवेक जायसवाल ने अपने दुकान में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी के साथ ही अलार्म सिस्टम भी लगाया था। दुकान के अन्दर रात में किसी भी प्रकार की हरकत होने पर अलार्म बज उठता। बीती रात भी विक्रांत के मोबाइल फोन पर तीन से चार बार अलार्म बजा लेकिन मोबाइल में सीसीटीवी देखने पर उन्हें सिर्फ चूहा नजर आया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि दीवार तोड़ते समय दुकान में मौजूद चूहे उछल कूद कर रहे थे। बार बार अलार्म बजने से अलार्म के खराब होने की शंका पर युवक ने अलार्म को बंद कर दिया और सो गए। हालांकि दुकान के सीसीटीवी में एक चोर दुकान के अन्दर कैद हुआ है जबकि एक पिट्ठू बैग लेकर रात में तीन युवक जनपद पारा की ओर से आते और घटना के बाद जाते नजर आ रहे है।

## दो ग्रामीणों को आई गंभीर चोट, जांच में जुटी पुलिस

# वन विभाग का सहयोग करने गए ग्रामीणों पर अतिक्रमणकारी ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के दौरान वन विभाग के सहयोग हेतु गए ग्रामीणों पर अतिक्रमणकारी ने हमला कर दिया। आक्रोशित अतिक्रमणकारी ने डंडे से हमला कर चार ग्रामीणों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है इसके साथ ही इस घटना की जांच चल रही है। ग्रामीणों के साथ की गई मारपीट को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है।

बताया जा रहा है कि रामचन्द्रपुर विकासखंड के ग्राम कालिकापुर में ग्रामीणों द्वारा वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराए जा रहे है। अतिक्रमण की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम ने हाल ही में रूप लाल यादव द्वारा वन विभाग की भूमि पर बनाए गए मढ़ई को हटा दिया था। इस कार्रवाई के बाद गुरुवार को वन विभाग की टीम गांव में दरोगा यादव द्वारा किए गए अतिक्रमण की जांच करने के लिए पहुंची हुई थी। जांच के दौरान मुनारा (सीमा चिन्ह) दिखाने के लिए वन विभाग की टीम गांव से अनिल यादव, रूपलाल यादव, राम लाल यादव को लेकर गई हुई थी। जांच के दौरान संभवतः अतिक्रमणकारी दरोगा यादव को यह भ्रम हुआ कि उन ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। ऐसे में आक्रोशित होकर दरोगा यादव ने गाली गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। आरोपी ने चार ग्रामीणों पर हमला किया। इस घटना में रूप लाल यादव और अनिल यादव को गंभीर चोट आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बलरामपुर रिफर कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद आरोपी दरोगा यादव मारपीट करने के बाद घर के अंदर घुस गया और दरवाजा बंद कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

इस संबंध में डीएफओ अलोक कुमार बाजपेयी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। मामले में जांच के निर्देश दिए गए है। अधिकारियों से इस घटना की रिपोर्ट मांगी गई है।



घायल का उपचार करते।

# महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

महिला के अकेलेपन का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 अक्टूबर के भोर में 4 बजे वह शौच कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान नीलकंठपुर का विनय उरांव उसे पकड़कर अपने घर ले गया जहां पूरे दिन व रातभर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही उसने धमकी दी कि तुम्हारा पीटीआई काम करने बाहर गया हुआ है इस लिए इसकी जानकारी किसी को बत देना। वहीं आरोपी ने 25 से 26 अक्टूबर तक महिला को अर्रा डोंगरी जंगल में दो दिनों तक जबरन दुष्कर्म किया। महिला ने इस घटना की शिकायत 5 नवंबर को पुलिस से की। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद थाना अंतर्गत ग्राम नीलकंठपुर निवासी विनय आ. मुंशी उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64(2)(एम), 127(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## खबर संक्षेप



### साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर एसएसपी ने ली बैठक

**सोनगरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में आज भटगांव स्थित एसईसीएल के मनोरंजन गृह में साइबर सुरक्षा जागरूकता जन अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना और डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को सचेत करना था। एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग कॉल और सोशल मीडिया से जुड़ी धोखाधड़ियों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना पुलिस या साइबर सेल को दें। बैठक में एसईसीएल भटगांव के एरिया महाप्रबंधक दिलीप माधवराव बोबडे ने कंपनी क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। भटगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे साइबर जागरूकता शिविरों की जानकारी साझा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, जिला महामंत्री अशोक सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े, पूरन राजवाड़े, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, रविंद्र सिंह, थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, एरिया पर्सनल मैनेजर अरुण सिंह, ठाकुर राजवाड़े, राज किशोर खलखो, सुशील मिश्रा, रजनीश पटेल, दिनेश ठाकुर, सहित एसईसीएल के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आईडी, आधार की त्रुटियों से विद्यार्थियों का पंजीयन ठप, तिथि बढ़ाने की मांग

**अम्बिकापुर।** आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने संत गहिरा गुरू विवि के कुलसचिव को ज्ञापन सौंप पंजीयन तिथि में 7 दिन की वृद्धि करने की मांग की है। संत गहिरा गुरू विवि द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के पंजीयन के लिए 7 नवम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई है लेकिन एबीसी आईडी एवं आधार की त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी अभी तक अपना पंजीयन नहीं करा सके हैं। निर्धारित तिथि तक पंजीयन नहीं कराने वाले विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होगा तथा वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। रचित मिश्रा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट को जनरेट कराना आवश्यक निर्धारित किया गया है। एबीसी आईडी की जटिल प्रक्रिया एवं विद्यार्थियों के आधार में त्रुटि होने व विवरण का मिलान नहीं होने के कारण एबीसी आईडी जनरेट नहीं हो रहा है। आईडी जनरेट करने के लिए विद्यार्थियों को अपने आधार में सुधार कराना पड़ रहा है। च्वाईस सेंटर में भारी भीड़ होने के कारण आधार सुधार में एक सप्ताह का समय लग रहा है। ऐसे में पंजीयन तिथि नहीं बढ़ाई गई तो विद्यार्थियों के भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कुल सचिव से पंजीयन तिथि में 7 दिन की वृद्धि करने की मांग की है।

### पति व परिजनों पर महिला की हत्या के प्रयास का आरोप, पीड़िता ने की थाने में शिकायत



**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर के ग्राम दोलंगी निवासी सजरा खातून ने अपने पति नूरुद्दीन अंसारी सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर मारपीट करने एवं हत्या का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना रामचंद्रपुर में दिए शिकायत में बताया कि उसका विवाह नूरुद्दीन अंसारी से सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। शादी के बाद से ही उसके साथ पति, ससुर और देवर द्वारा आए दिन विवाद, गाली-गलौज व मारपीट की जाती रही है। पति द्वारा न तो बच्चों का भरण-पोषण किया जा रहा है और न ही घर-गृहस्थी की जिम्मेदारी निभाई जा रही है। सजरा खातून के अनुसार 6 नवम्बर की दोपहर लगभग 1.30 बजे पति नूरुद्दीन अंसारी, ससुर नसीम अंसारी, देवर मोजममील अंसारी एवं उनकी पत्नी एक राय होकर उनके घर पहुंचे और हत्या के उद्देश्य से लात-घूंसों व डंडे से बेदम पिटाई की। पीड़िता को गंभीर चोटें आईं और आरोपियों ने उसे मृत समझकर घर में बंद कर दिया। घटना की जानकारी पीड़िता के भाई को मिलने पर वह पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा तो पाया कि घर बाहर से बंद था और सजरा खातून बेहोश पड़ी थी। इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पीड़िता ने थाना प्रभारी रामचन्द्रपुर से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आजादी के 78 वर्ष बाद भी गांव में नहीं लग सका एक भी हैंडपंप

# मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी के ग्रामीण



नाला से पानी भरती महिला।



नाला से पेयजल ले जातीं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

जिले के कई ग्राम पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी की है जहां आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में नाला या तालाब का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में आजादी के 78 साल बाद भी एक भी हैंडपंप नहीं है और गांव के लोग जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से एक हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

**खास बात**
- गंदी नाला नाली तालाब के पानी को पीने को है मजबूर

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी ग्राम में आजादी के 78 वर्ष बाद भी आज तक बरपानी के लोग निस्तार सहित पेयजल के लिए नाला या तालाब के पानी पर निभर है। गांव में एक भी हैंडपंप नहीं होने के कारण ग्रामीण नाला व तालाब के गंदे पानी को पीने को मजबूर है। गांव में सड़क सहित शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरपानी के ग्रामीण प्रतिदिन सुबह, दोपहर और सायं काल अपने अपने घर से बर्तन लेकर छोटे छोटे बच्चों के साथ नाला व तालाब से पानी की व्यवस्था करने में जुट जाते है। हैरानी की बात तो यह है कि ग्रामीण आजादी के बाद से शुद्ध पेयजल से वंचित है बावजूद इसके आज तक कोई भी नेता, मंत्री, प्रशासन द्वारा सुध लेना मुनासिब नहीं समझा जिससे ग्रामीण गंदे पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मूलभूत सुविधा के अंतर्गत सड़क, बिजली, पानी, स्कूल की व्यवस्था कराने में करोड़ों रुपए ग्रामीण इलाकों के लिए खर्च करती है जिसका लाभ कई ग्राम पंचायत को मिला है लेकिन ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी के लोग आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित है। गांव में एक भी हैंडपंप नहीं होने के कारण गांव के लोग नाला और तालाब के पानी से निस्तार सहित पेयजल के लिए उपयोग करने को मजबूर है।

### बीमार पड़ते हैं लोग

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर रोज गांव के लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़ जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी हो गई थी जिससे कई लोग बीमार पड़ गए थे। हालांकि समय पर उपचार कराने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

#### ग्रामीणों ने की हैंडपंप खनन की मांग

ग्रामीणों में बताया कि गांव में शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही गांव में एक हैंडपंप है। जबकि अन्य ग्राम पंचायत में नल जल मिशन योजना के तहत गांव के घरों में नल लगाने व पानी टंकी निर्माण किया गया है लेकिन उस तरह की व्यवस्था ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी में नहीं है। ग्रामीणों ने सांसद, चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा,क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर से सोनपुर ग्राम पंचायत के बरपानी गांव में हैंड पंप खुदवाने की मांग की गई है , जिससे ग्रामीणों को आजादी के 78 वर्ष बाद पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

### सड़क है निर्माणाधीन

ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी में सड़क निर्माणाधीन है। ऐसे में वाहन नहीं पहुंचने के कारण हैंडपंप खनन नहीं हो सका है। जैसे ही सड़क बन जाती हैं तो ग्रामीणों के इस समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा।

-अभिषेक पांडेय
जनपद सीईओ कुसमी

## शिविर में 200 से अधिक लोगों ने जमा किया डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल में पेंशनभोगियों के लिए आयोजित किए जा रहे शिविर में आज गुरूवार को बड़ी संख्या में पेंशनभोगी शिविर में पहुंचकर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट जमा किया।

बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में एसईसीएल व सीएमपीएफओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह एवं सीएमपीएफओ के प्रवर्तन अधिकारी जेके उमेरिया,क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ हुआ,दिन भर चले इस शिविर में 200 से अधिक पेंशन भोगियों ने स्वयं उपस्थित होकर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट भरा,प्रवर्तन अधिकारी सीएमपीएफओ जेके उमेरिया प्रबंधक मानव संसाधन हरेंद्र तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार व कोयला मंत्रालय के निर्देश पर पेंशन भोगियों को असुविधा से बचाने ऐसे आयोजन के माध्यम से उन्हें जागरूक कर अब एप के माध्यम से घर बैठे स्वयं डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट कर जमा करने प्रेरित किया जा रहा है,उन्होंने बताया कि पेंशन भोगियों को हर वर्ष नवंबर माह में लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना होता है,तभी उन्हें पेंशन की राशि उनके खाते में आती है,इसके पूर्व लाईफ सर्टिफेकट जमा करने लोगो को बैंक अथवा चॉइस सेंटर में लंबी लाइन लगानी पड़ती थी,लेकिन अब इसे शासन स्तर पर सरल व सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है,आज गुरूवार को सीएमपीएफओ जबलपुर कार्यालय के आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहते हुए लोगों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की विधि बताई गई,टीम के सदस्यों ने उपस्थित जनों को बताया कि मोबाइल के प्ले स्टोर में जाकर उमंग एप अथवा फेस रिडिंग आधार एप डाउन लोड कर इसमें मांगी गई जानकारी को भरकर पेंशनभोगी स्वयं डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट जनरेट कर ऑन लाइन जमा कर सकते हैं।

- केंद्र सरकार के निर्देश पर एसईसीएल व सीएमपीएफ के संयुक्त दल ने लगाया है जागरूकता सुविधा शिविर

## सड़कों का हो रहा पैच रिपेयर



**सूरजपुर।** लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न सड़कों पर बीटी पैच रिपेयर कार्य तेजी से जारी है। कुल 260.55 किलोमीटर लंबाई के इन कार्यों के लिए 699.53 लाख रूपय की राशि स्वीकृत की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार, अब तक 10.20 किलोमीटर सड़क मरम्मत कार्य पूरा किया जा चुका है। इनमें बिशुनपुर-सूरजपुर- भैयाथान मार्ग में 3.00 किमी, सूरजपुर रिंग रोड में 6.20 किमी तथा कल्याणपुर-लटोरी-दतिमा-सलका मार्ग में 1किमी का बीटी पैच रिपेयर कार्य 5 नवंबर तक पूर्ण कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शेष सड़कों पर कार्य तेजी से प्रगति पर है और सभी मरम्मत कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मरम्मत कार्य के पूरा होने से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा।




## उप पंजीयक कार्यालय में काम काज ठप, नागरिकों की बढ़ी परेशानी

**राजपुर।** आम नागरिकों को सस्ता, सुलभ और समय पर न्याय दिलाने की परिकल्पना के तहत सरकार ने प्रदेशभर में उप तहसील, उप पंजीयक कार्यालय और लिंक कोर्ट जैसे छोटे प्रशासनिक ढांचे स्थापित किए थे। परंतु प्रशासनिक उदासीनता के कारण ये व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। इसका ताजा उदाहरण राजपुर उप पंजीयक कार्यालय है जहां 16 अक्टूबर से पंजीयन कार्य पूरी तरह ठप है। कार्यालय के कर्मचारियों के अनुसार, उप पंजीयक चंद्रहास साहू के प्रमोशन के बाद प्रतापपुर उप पंजीयक बसंत कुजूर को राजपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था किंतु उनकी माताजी के अस्वस्थ होने से वे नियमित उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। नतीजतन पंजीयन कार्य बंद होने से नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों के लिए प्रतापपुर या बलरामपुर तक जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। इस संबंध में जिला पंजीयक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि अब अर्चना जायसवाल को राजपुर उप पंजीयक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में दो दिन निर्धारित कर पंजीयन कार्य कराए जाएंगे ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और लंबित कार्य शीघ्र निपटाए जा सकें।

- 16 अक्टूबर से प्रभावित है कार्य

## त्रुटिपूर्ण गिरदावरी से घट गया धान का रकबा, किसान आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गिरदावरी के दौरान किसानों की धान की फसल का रकबा घटाने को लेकर आदिवासी समाज सड़क पर उतर आया है। सर्व आदिवासी समाज ने त्रुटिपूर्ण गिरदावरी, खरीदी से पूर्व किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। सर्व आदिवासी समाज ने पूर्व पंजीयन के आधार पर किसानों का धान खरीदने समेत छः सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप उचित कार्यवाही की मांग की है।

- सीएम के नाम सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

विदित हो कि धान खरीदी से पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के खेत मे लगे धान के फसल की गिरदावरी कराई गई है। इस दौरान सही तरीके से गिरदावरी नहीं होने के कारण किसानों का के धान का रकबा काफी कम हो गया है। जिसकी वजह से क्षेत्र के हजारों किसान समितियों में उपज के अनुसार धान बेचने से वंचित हो जायेंगे। रकबा घटने से परेशान किसानों ने इसमे सुधार के लिए काफी प्रयास किया पर उन्हें सफलता हासिल नहीं हुई। जिसके बाद सर्व आदिवासी समाज ने किसानों के इस मुद्दे को उठाया और सरकार के इस निर्णय को बेतुका बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में किसानों के धान का रकबा घटाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुशील सिंह मरावी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह रवैया किसान विरोधी रवैया है। धान खरीदी से पूर्व गिरदावरी के लिए प्रदेश सरकार एवं निजी कंपनियों के बीच अनुबंध हुआ था। अनुबंध के बाद निजी कंपनियों के अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा धान की गिरदावरी की गई जिसमें किसानों का रकबा कम कर दिया गया। जबकि गिरदावरी का कार्य राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जाता तो ऐसी नौबत नहीं आती। विरोध प्रदर्शन के बाद सर्व आदिवासी समाज ने तहसील कार्यालय पहुंचकर रकबा में सुधार, पूर्व में हुए पंजीयन के आधार पर धान खरीदी करने, वनभूमि एवं शासकीय भूमि के पट्टाधारी किसानों का धान खरीदी करने समेत छः सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिपं सदस्य शिवभरोष बेक, अनिल निराला, आरडी सिंह, सुनील बखला, नागेश्वर भगत, सुखदेव भगत, शरद गुप्ता, संतोष बेक, पंकज दुबे, रतन यादव समेत काफी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद थे।



ज्ञापन सौंपते किसान।

## सहकारी समितियों में हड़ताल के साथ उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारी शुरू



**राजपुर।** आगामी 16 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने जा रही है। खरीदी से पहले जहां सहकारी समिति कर्मचारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं, वहीं दूसरी ओर उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है। संघ की प्रमुख मांगों में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की संपूर्ण सुखद राशि समितियों को प्रदाय, साप्ताहिक धान परिवहन की व्यवस्था, धान खरीदी में शॉर्टेज, प्रोत्साहन, कमीशन और सुरक्षा व्यय में वृद्धि शामिल है। इसके साथ ही कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य विक्रेताओं को 3000 रुपए प्रतिमाह मानदेय देने और आउटसोर्सिंग से ऑपरेटर की नियुक्ति समाप्त कर विभागीय रूप से नियमितीकरण की मांग भी की है। इधर राजपुर सहित अन्य उपार्जन केंद्रों में फंड उपलब्ध कराने, परिसर की सफाई, बोरा भंडारण और अन्य आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है ताकि खरीदी कार्य 15 नवंबर से सुचारू रूप से शुरू हो सके। इस बीच, किसानों के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल परेशानी का कारण बना हुआ है। पोर्टल में लगातार तकनीकी दिक्कतें आने से कई किसान पंजीयन के लिए तहसील कार्यालय और सहकारी समितियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## विकासखंड स्तरीय कर्मा नृत्य प्रतियोगिता, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# सरगुजा की लोक कलाएं राष्ट्रीय मंचों पर बनाएंगी पहचान : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित हो रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार को साक्षरता मिनी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय लोक नृत्य (कर्मा) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से आए 13 लोक नृत्य दलों ने अपनी मनमोहक एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियों से समूचे सभागार को लोक रंग में रंग दिया।

पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत और ताल-लय से सजी इन प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के इस रजत जयंती अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में लोक संस्कृति और जनभागीदारी का उत्सव मनाया जा रहा है। लखनपुर की यह प्रतियोगिता हमारे समृद्ध लोक नृत्य कर्मा परंपरा की जीवंत झलक है। आने वाले समय में सरगुजा की ये लोक कलाएं राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाएंगी। पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि लोक नृत्य और लोकगीत हमारी संस्कृति की जड़ हैं। इन्हें संजोना, आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर राजवाड़े एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस लोक धरोहर को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आने वाले समय में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखा जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीपरखार के नर्तक दल, द्वितीय स्थान तिरकेला के नर्तक दल व तृतीय स्थान बिनकरा के नर्तक दल ने हासिल किया।



निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन कर तीनों टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री ने सभी 13 लोक नृत्य दलों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक दल को 6-6 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कमेश्वर राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, नीरज अग्रवाल, जनपद सदस्य रजनी सिंह, भज्जू सिंह, नीतू सिंह, सुदर्शन सिंह, लक्ष्मण साहू, नीरज अग्रवाल, सुरेश जायसवाल, कर्मेंद्र राजवाड़े, राजकुमारी सिंह, चंद्रिका यादव, महेश्वर राजवाड़े, जयराम राजवाड़े, अमित बारी, बुधन सिंह, गर्भना राजवाड़े, प्रभु सिंह, घरभरन राजवाड़े, सुदर्शन मानिकपुरी, गणेश्वरी राठिया, दिलबरो मरावी, मैनेजर सिंह, लीलावती, प्रकाश खलखो, अनिल गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, अरविंद गुप्ता, मनीष वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### वुडबॉल चैंपियनशिप में शामिल होंगे सरगुजा के 6 खिलाड़ी

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले से 6 खिलाड़ी छठवीं सीनियर, जूनियर स्टेट वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता श्री दवारा विश्वविद्यालय रायपुर में 7 से 9 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। सरगुजा टीम में चयनित आकाश दुबे, संदीप सिन्हा, प्रियांशु कुशवाहा, प्रीतम कुमार जायसवाल, एंजिल प्रीति टोप्पो और शिवानी सोनी शामिल हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा के वुडबॉल खिलाड़ी पूर्व में भी विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करते आए हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी टीम शानदार प्रदर्शन करेगी।

### महंगी बिजली दरों के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा 4 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों सहित सूरजपुर में एक साथ महंगी बिजली दरों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। रायपुर, सरगुजा,बलरामपुर, सूरजपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित सभी जिलों में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। सूरजपुर में पुराना बस स्टैंड स्थल पर पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। धरना के दौरान लोकसभा अध्यक्ष इंद्र देव नाग ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की परेशानियों से मुंह मोड़ चुकी है। राज्य की जनता बिजली के बढ़ते बिलों से त्रस्त है। जिलाध्यक्ष ज़फ़र खान ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है और पानी, कोयला, जमीन व उत्पादन सब राज्य का है, तब जनता को महंगी बिजली देना अन्याय है। आम आदमी पार्टी ने जुलाई महीने में भी दर वृद्धि वापस लेने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने अनदेखी की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के शंकर राम भगत, इब्राहिम सिद्दीकी, संतोष तिग्गा, चंद्र शेखर पोर्ते, शकील अंसारी, तिलकधारी टोप्पो, मो. मंजुल गफ्फार अंसारी, नानकू यादव, राम शर्मा, आशीष जायसवाल, फूलसाय सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कन्दरई साप्ताहिक बाजार से चोरों ने पार किया बाइक

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत जमदेई निवासी शिवप्रसाद सिंह आ. सुखन राम गुरुवार की दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजे 5977 से साप्ताहिक बाजार कंदरई गया था। बाइक को हाई स्कूल ग्राउंड में खड़ा कर बाजार करने चला गया। कुछ समय बाद जब बाजार से खरीदारी करने के बाद घर जाने बाइक लेने पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक को कहीं पता नहीं चला तो शिवप्रसाद ने घटना की सूचना परिजन को दी और बिना बाइक के ही घर वापस आ गया। शिवप्रसाद सिंह ने बताया कि बाइक की खोजबीन करते रात हो गया था। शुक्रवार को थाने में घटना शिकायत करेंगे।

### करंट की चपेट में आकर महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** घर में बिछे तरंगित तार की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। ग्राम कनकपुर निवासी 50 वर्षीया धनरजिया देवी पति प्रेम यादव गुरुवार की सुबह 9 बजे नहाने के बाद पूजा करने जा रही थी। इसी दौरान घर में जमीन पर टूटकर गिरे बिजली तार की चपेट में महिला आ गई। तरंगित तार की चपेट में आकर महिला की मौके पर मौत हो गई। परिजन ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में कोचियों की बढ़ी सक्रियता

# पड़ोसी राज्यों का धान रोकने न कहीं जांच चौकी न ही निगरानी के लिए कर्मचारी तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जंगल के रास्ते किया जा रहा अवैध धान का परिवहन

शासन के सख्त निर्देश के बावजूद कोचियों की सक्रियता कम नहीं हो रही है। पड़ोसी राज्यों में धान की कीमत कम होने के कारण सीमावर्ती क्षेत्र के कोचिए समितियों में खपाने के उद्देश्य से जंगल के रास्ते बड़े पैमाने पर पड़ोसी राज्यों से धान मंगा रहे हैं।

पड़ोसी राज्यों के धान की आवक को रोकने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा इस बार भी राजस्व, पुलिस, मंडी समिति की संयुक्त टीम गठित की गई है। इसके लिए तहसीलवार नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। प्रशासन द्वारा संभावित अंतर्राज्यीय मार्गों पर जांच नाका भी स्थापित किया गया है। प्रशासन की संयुक्त टीमें कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार छापामार कार्रवाई कर गांव-गांव में भंडारित कोचियों के अवैध धान को जब्त कर रही है जबकि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त टीम की कोई हलचल नहीं है। इधर सीमावर्ती क्षेत्रों में कोचियों द्वारा लगातार यूपी, एमपी एवं झारखण्ड का धान मंगाकर जगह-जगह भंडारित करने की खबरे आ रही है। पड़ोसी राज्यों में धान की कीमत कम होने के कारण कोचिए कमाई के लिए बड़े पैमाने पर हर साल धान मंगाते हैं। संयुक्त टीम की सख्ती पर बाहरी धान की आवक कम हो जाती है अन्यथा कोचिए एवं बड़े किसान बाहर का धान मंगाकर किसानों के नाम से समितियों में खपाते हैं। दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में हर साल बड़े पैमाने पर अवैध धान का कारोबार होता है। कोचिए एक पखवाड़े पूर्व से ही अपने घरों में एमपी एवं यूपी का धान भण्डारित कर रहे हैं। मामले में प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के कारण पड़ोसी राज्यों के धान की आवक बढ़ गई है। प्रशासन द्वारा बाहरी धान की आवक को रोकने जल्द कारगर पहल नहीं की गई तो बलरामपुर जिलान्तर्गत वाड्रफनगर, रामचंद्रपुर एवं बिहारपुर तहसील क्षेत्र की समितियों में बंफर धान की खरीदी होने की संभावना है। प्रशासनिक टीम द्वारा रामचंद्रपुर तहसील के विभिन्न गांवों में अब तक 5 हजार 5 सौ बोरी से अधिक अवैध धान जब्त किया है वहीं वाड्रफनगर में नाममात्र की कार्रवाई की गई है जबकि चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में अब तक एक भी कार्रवाई नहीं हुई है।



**इन क्षेत्रों में तस्करी**

रामचंद्रपुर तहसील की सीमा झारखण्ड एवं यूपी से वहीं वाड्रफनगर की सीमा यूपी से जबकि चांदनी-बिहारपुर की सीमा मध्यप्रदेश से सटी है। मध्यप्रदेश में धान की कीमत 2380 रूपए एवं यूपी में 2209 रूपए क्विंटल निर्धारित होने के कारण कोचियों को सस्ते दरों में धान उपलब्ध हो जा रहा है। कोचिए नगद भुगतान कर सीमावर्ती राज्यों से 18 से 20 रूपए किलों की दर से धान खरीदी कर अपने घरों में भण्डारित कर रहे हैं। पड़ोसी राज्यों का धान खपाने में अच्छी कमाई होने के कारण चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के बड़े किसान भी बेखौफ होकर अवैध धान का कारोबार कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कोचियों के अतिरिक्त क्षेत्र के सौ से अधिक किसानों ने भारी मात्रा में अपने घरों में अवैधानिक का भण्डारण किया है।

**इन रास्तों से तस्करी**

सूत्रों के अनुसार कोचिए मध्यप्रदेश अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम मकरोहर, भांडा, धनहरा, कुम्हिया, भण्डरवा, बरगढ़, जोगियानी एवं कलजो के व्यापारी व ग्रामीणों से संपर्क कर धान खरीदते हैं तथा बरगढ़-मकराढुआरी के रास्ते ग्राम अवन्तिकापुर, सपहा, नवाटोला सहित आसपास के अन्य गांवों में भंडारित कराते हैं। बलरामपुर जिलान्तर्गत बलंगी स्थित चौपदा घाट से कोचिए हर दिन पिकअप से यूपी का धान परिवहन कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा कोचियों का धान रोकने अंतर्राज्यीय सीमा ग्राम सपहा, मकरा ढुआरी, चौपदा घाट एवं बरगढ़-नवाटोला के बीच बैरियर लगाकर अवैध धान के परिवहन पर नजर रखा जाता था। इस बार किसी भी स्थान पर न तो बैरियर लगाया गया है न ही जांच के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। नवाटोला स्थित अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर सख्त जांच होने के कारण कोचिए जंगल के रास्ते अवैध धान का परिवहन कर रहे हैं।

**लेता हूं जानकारी**

प्रशासन द्वारा अवैध धान की आवक रोकने क्षेत्रवार नोडल अधिकारी व संयुक्त दल को तैनात किया गया है। कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है मैं जानकारी लेता हूं।

-एस जयवर्द्धन
कलेक्टर, सूरजपुर

# चोरी की शंका पर युवक की अर्धनग्न अवस्था में बांधकर की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- मारपीट का वीडियो वायरल, बरियों चौकी क्षेत्र की घटना

एक युवक को अर्धनग्न अवस्था में हाथ पैर बांधकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। युवक की पिटाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना बलरामपुर जिले के बरियों चौकी क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है इन दिनों सोशल मीडिया में एक मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में एक युवक अर्धनग्न अवस्था में पाइप और रस्सी के सहारे बंधा हुआ है। युवक को जमीन पर गिराकर कुछ लोगों द्वारा जूते और लात से उसकी पिटाई की जा रही है। मारपीट के दौरान लोग युवक को पेट्रोल के लिए पैसे मांगने की बात कर रहे हैं। युवक को कमरे में बंद कर पीटा जा रहा है जबकि एक अन्य युवक भी अर्धनग्न अवस्था में मौजूद है जिससे आधा दर्जन से अधिक लोग पूछताछ कर रहे हैं। यह पूरा मामला बलरामपुर जिले के अंतर्गत आने वाले बरियों चौकी के ग्राम भिलाई खुर्द का बताया जा रहा है जहां क्रेशर प्लांट संचालकों द्वारा पोकलेन मशीन चालक व अन्य लोगों के साथ मारपीट की जा रही है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल डीजल चोरी को लेकर मारपीट की जा रही है। अब वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया है। चौकी प्रभारी बरियों रविन्द्र प्रताप सिंह ने युवक से फोन कर पूछताछ की तो उसने शिकायत से इंकार कर दिया। उसे चौकी बुलाया है और घटना की जांच चल रही है।

इस संबंध में एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया है और घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हुई कार, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूवां

केनापारा बाजार के समीप गुरुवार की शाम उस से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक कार सड़क किनारे पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गड्ढे में दुर्घटना ग्रस्त हो गई। गनीमत था कि दुर्घटना में सवार बाल-बाल बचे गए।

जानकारी के अनुसार, ग्राम केनापारा के समीप पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए सड़क किनारे गहरे गड्ढे खोदे गए हैं, जिन पर उचित संकेत या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। गुरुवार की शाम मार्ग से गुजर रहे कार सवार जैसे ही सड़क किनारे वाहन को किया तभी एक पहिया के गड्ढे में चले जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत था कि वाहन तेज रफ्तार में नहीं थी नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना को देख स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह वाहन को बाहर निकाला। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पाइप लाइन कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और निर्माण एजेंसी से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और खोदे गए गड्ढों के पास चेतावनी पट्टिकाएं लगाई जाए जिससे कोई वाहन सवार दुर्घटना का शिकार न हो।



### एक व दो रुपए के सिक्के नहीं लेने पर की जाएगी कार्रवाई

**बलरामपुर।** प्रचलित भारतीय मुद्रा एक एवं दो रुपए के सिक्के बाजार में खुदरा व्यवसायियों द्वारा नहीं लेने के कारण प्रचलन से बाहर होते जा रहा है, जिससे आमजनों को आर्थिक क्षति एवं लेन-देन मे कठिनाईयां हो रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी आरएस लाल ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शहरों एवं ग्रामों में मुनादी कराकर उपरोक्त मुद्राओं का लेन-देन व्यवहार में रखा जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी व्यवसायी या आमजन मुद्राओं को लेन-देन से मना करता है तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने को भी कहा है।



# मंगल भवन में सात दिवसीय राज्य स्तरीय आवासीय कुड़ो आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- खिलाड़ियों ने दिखाया आत्मविश्वास, दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंगल भवन में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय आवासीय कुड़ो आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 300 से 400 बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा की भावना, आत्मविश्वास और मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरा मुनि निकुंज उपस्थिति रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कुड़ो एसोसिएशन बलरामपुर के चेयरमैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला गुप्ता ने की। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं संयोजन से पूरा आयोजन अनुशासित और प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुआ। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आज के समय की आवश्यकता है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और सुरक्षित बनाता है। प्रशिक्षु द्वारा प्रस्तुत आत्मरक्षा प्रदर्शन और अनुशासन ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। सात दिवसीय इस आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन राजकीय गीत के साथ हुआ, जिसमें सशक्त और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान कन्हैयालाल अग्रवाल, अनूप तिवारी, अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, श्रीमती तारावती सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, जिला सदस्य मुंशीराम, मोहन गुप्ता, रामेश्वरम गुप्ता के अलावा एसडीओपी बड़ी लाल सिंह, थाना प्रभारी अजय, बीएमओ, जनपद पंचायत के सीईओ, पार्षद एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष विकास गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति एवं डिस्ट्रिक्ट कुड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास दोहरे एवं सचिव रवि पांडे ने किया।




# मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से चोरों ने पार किया ऑक्सीजन एयर पाइप

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में चोरी होने की घटनाएं कम नहीं हो रही। पहले चोर अस्पताल परिसर सहित वार्ड में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे अब चोरों ने परिसर में लगाए गए आक्सीजन पाइप को ही पार करना शुरू कर दिया। गनीमत था कि चोर केवल ऑक्सीजन एयर पाइप को ही काट कर ले गए अगर ऑक्सीजन पाइप को काट देते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल के आईसीयू भवन के विभिन्न वार्ड में मरीजों को ऑक्सीजन सप्लाई के लिए पाइप लगाई गई है। समय पर मरीज को जम्बो ऑक्सीजन सप्लाई हो इसके लिए आईसीयू भवन में पास ही उपकरण लगाए गए है। उपकरण में ऑक्सीजन सप्लाई के साथ एयर पाइप भी लगाए गए है। गत दिन दोपहर में चोरों ने लगभग 25 मीटर कॉपर एयर पाइल काट कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी जब एक वार्ड में ऑक्सीजन शुरू की गई तो एयर पाइप खराब होना पाया गया। जब कर्मचारी लगाए गए उपकरण के पास जांच की तो पता चला की कॉपर एयर पाइप कटा हुआ था। अस्पताल प्रबंधन अब सभी वार्ड में मरीजों के लिए जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही है। जबकि एयर पाइप चोरी हो जाने से उपकरण बंद पड़ा है।

# खेत किनारे मिला ग्रामीण का शव, ठंड से मौत की आशंका

**लखनपुर।** शराब के नशे में रात भर तालाब किनारे खेत में पड़े रहने से ग्रामीण की मौत का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच कि जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम मांजा निवासी 52 वर्षीय जयनंदन मझवार आ. बोडू मझवार शराब पीने का आदी था। 5 नवंबर को ग्रामीण शराब पीने के नाम पर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। 6 नवंबर की सुबह गांव का शनिराम मझवार उसके भाई शिवनंदन मझवार को आकर बतया कि उसके भाई का शव खुठेनपारा में तालाब के पास पड़ा हुआ है। ऐसे में ग्रामीण सरपंच खेमराज सिंह, शिव चरण मझवार, सनमान पंडो ने जाकर देखा तो जयनंदन मझवार खुठेनपारा तालाब के पास खेत किनारे मेढ में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। संभावना जताई जा रही है कि रात भर शराब के नशे में खुले आसमान के नीचे तालाब किनारे खेत मेढ में सो जाने से ठंण्ड के कारण मृत्यु उसकी मौत हुई है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है और घटना की जांच चल रही है।




# खदान प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं को बना रहे आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल प्रबंधन की अभिनव पहल

खदान प्रभावित क्षेत्रों के महिलाओं के सशक्तिकरण एवं समाज उत्थान की दिशा में एसईसीएल प्रबंधन लगातार कार्य कर रहा है।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कंपनी के वित्तपोषण से 18 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में मानी एवं गेतरा ग्राम की 8-8 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बता दें कि मानी और गेतरा ये दोनों ग्राम गायत्री भूमिगत खान के कोर एवं बफर ज़ोन में स्थित हैं, जहाँ एसईसीएल निरंतर सामुदायिक विकास के कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है।सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर गुरुवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बिश्रामपुर क्षेत्र डॉ. संजय कुमार सिंह तथा सहक्षेत्र प्रबंधक,आर.जी.के.सहक्षेत्र प्रशांत शर्मा,प्रबंधक चंदन चमन तथा सिविल इंजीनियर वेदप्रकाश सोनकर की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षण प्राप्त महिला सदस्यों को सिलाई मशीन,सिलाई किट,100 मीटर कपड़ा तथा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि एसईसीएल न केवल खनन कार्यों के माध्यम से देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं,अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी शिक्षा,स्वास्थ्य,पेयजल, कौशल विकास,पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में अनेक जनहितकारी गतिविधियाँ संचालित कर रही है।प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से न केवल ग्रामीण महिलाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्राप्त हुआ है, बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित हुई है।

यह पहल एसईसीएल की उस प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसके माध्यम से वह खनन के साथ बेहतर समाज निर्माण के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।




